**भारत सरकार**
**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या 221**
**(दिनांक 06.3.2020 को उत्तर देने के लिए)**

## उत्तर पूर्व क्षेत्र में दूरदर्शन के चैनल

***221. श्री सी॰ लालरोसांगाः**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार की दूरदर्शन केन्द्र आइजॉल, कोहिमा, इम्फाल, गंगटोक, अगरतला तथा शिलांग के मौजूदा दूरदर्शन चैनलों को 24X7 दूरदर्शन क्षेत्रीय चैनलों में परिणत करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन चैनलों को कब तक आरंभ किये जाने की संभावना है;

(ग) क्या प्रसार भारती ने 24X7 दूरदर्शन असम चैनल का 01.01.2020 से प्रायोगिक परीक्षण आरंभ किया था;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त चैनल को औपचारिक रूप से कब तक आरंभ किये जाने की संभावना है; और

(ङ) क्या दूरदर्शन अरूणप्रभा चैनल की भांति दूरदर्शन असम चैनल के लिये भी किसी विशेष बजटीय आवंटन का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजनार्थ निर्धारित समय-अवधि क्या है?

**उत्तर**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री**
**(श्री प्रकाश जावडेकर)**

**(क) से (ङ):** एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**<u>दिनांक 06.03.2020 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 221 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण</u>**

**(क) और (ख):** प्रसार भारती ने मार्च 2019 से प्रसार भारती के फ्री टू एअर डीटीएच प्लेटफार्म, डीडी फ्री डिश, पर आईजॉल, कोहिमा, इम्फाल, अगरतला और शिलांग से सीमित समय वाले डीडी चैनल स्थापित किए हैं। प्रसार भारती 24X7 चैनल में बदलने के लिए संसाधनों और कार्मिक शक्ति की आवश्यकता का आकलन कर रही है।

**(ग) से (ङ):** प्रसार भारती ने दिनांक 01.12.2019 से डीडी पूर्वोत्तर चैनल को डीडी असम चैनल में बदलने के लिए प्रसारण परीक्षण शुरू किया है। इस चैनल के व्यय को प्रसार भारती के समग्र आवंटन से पूरा किया जाएगा।

****